संस्कृत विभाग

दयानन्द वैदिक कालेज, उरई (जालौन) उ0प्र0, 285001
(सम्बद्ध : बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी, उ0प्र0)
NAAC ACCREDITED “B” GRADE WITH CGPA 2.61
फोन नं0 : **05162-252214** ई–मेल :**dvcoffice11@gmail.com**

संस्कृत साहित्य परिषद्

सत्र : 2022–2023

परिषद् गठन – सत्र : 2022–23
दिनांक – 30 नवम्बर, 2022

दयानन्द वैदिक कॉलेज उरई का संस्कृत विभाग अपने स्वर्णिम अतीत एवं संस्कृत भाषा एवं साहित्य के उत्कर्ष की उत्कट कामना के साथ वर्तमानकालिक अपार सम्भावनाओं को दृष्टिगोचर करते हुए सतत अग्रगामी है। इस क्रम में सर्वप्रथम विभाग में पंजीकरण की दृष्टि से सत्र 2021–22 में 93 विद्यार्थियों की अपेक्षा सत्र 2022–23 में बी.ए. प्रथम वर्ष में संस्कृत साहित्य पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या 100 का आंकड़ा छू गई और 101 विद्यार्थियों ने संस्कृत साहित्य को मेजर विषय के रूप में स्वीकार की किया जोकि विभाग की अजस्र प्रगति का साक्षात् निदर्शन है।

इस प्रकार सत्र 2018–19 में विभाग में 03 विद्यार्थियों की अपेक्षा आज विगत 04 सत्रों में ही बी.ए. (स्नातक) कक्षा में 160 से ज्यादा विद्यार्थियों की संख्या होना विभाग के लिए निश्चित रूप से गौरव का विषय है।

विगत सत्र में संस्कृत साहित्य परिषद् का गठन कोविड 19 के कारण गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन सम्पन्न कराया गया था। अब सौभाग्य से हम उस कठिन दौर से बाहर आ चुके हैं अतः वर्तमान सत्र में परिषद् का गठन भौतिक रूप से अत्यन्त हर्ष–प्रकर्ष के साथ 30 नवम्बर 2022 को सम्पन्न हुआ। जिसमें चुनाव अधिकारी के रूप में डॉ. श्रवण कुमार त्रिपाठी, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, रक्षा अध्ययन विभाग, डी.वी. कॉलेज उरई, डॉ. अतुल प्रकाश बुधौलिया, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, डॉ. सर्वेश कुमार शाण्डिल्य, संयोजक, संस्कृत साहित्य परिषद् एवं प्रभारी संस्कृत विभाग तथा विभाग के बी.ए. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

परिषद् के गठन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विगत वर्षों की भांति बड़े ही उत्साह से चुनाव प्रक्रिया का पालन हुआ और सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।

चुनाव के बाद चुनाव अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि कोरोना वायरस के उस कालखण्ड के बन्धन से सब मुक्त होने का अनुभव कर रहे हैं। अब हमें पुनः रचनात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा को लगाना है और अपने कैरियर को केन्द्र में रखकर अध्ययन जारी रखना है। इसके साथ ही चुनाव हमें अनुशासन, सेवाभावना, दायित्व का बोध और समर्पण सिखाता है। इसके बाद उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाइयां दीं।

डॉ. अतुल प्रकाश बुधौलिया ने छात्र–छात्राओं की भागीदारी वाली इस शैक्षिक गतिविधि पर प्रसन्नता प्रकट की और विद्यार्थियों को पाठ्येतर गतिविधियों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही परिषद् के लाभ को सरल रूप में समझाकर सभी को मनोबल प्रदान किया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापन संस्कृत साहित्य परिषद् के संयोजक, संस्कृत विभाग के प्रभारी एवं कार्यक्रम के संचालक डॉ. सर्वेश कुमार शाण्डिल्य के द्वारा किया गया।

समस्त पदाधिकारियों की सूची इस प्रकार है–

क्र.सं.	पदनाम	पदाधिकारी	कक्षा
1.	अध्यक्ष	प्रद्युम्न कुमार	बी.ए. तृतीय वर्ष
2.	उपाध्यक्ष	स्नेहा पटेल	बी.ए. तृतीय सेमेस्टर
3.	महामन्त्री	अभय द्विवेदी	बी.ए. तृतीय सेमेस्टर
4.	संयुक्त मन्त्री	स्नेहलता गौतम	बी.ए. प्रथम सेमेस्टर
5.	कोषाध्यक्ष	वन्दना राठौर	बी.ए. प्रथम सेमेस्टर

6. कार्यकारिणी सदस्य –

1. गौरव सिंह सेंगर
2. रिया पटेल
3. मुस्कान बानो
4. रामू राठौर
5. रजनी प्रजापति
6. दीपिका गोस्वामी
7. शिवानी
8. महविश
9. अंकिता पटेल
10. राज कुशवाहा

यह परिषदीय उपक्रम संस्कृत विभाग के विद्यार्थियों को अनवरत गतिशील एवं व्यावहारिक रूप से उन्नत बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

दिनांक – 30/09/2022

Sarvesh Kumar Shandilya

डॉ. (सर्वेश कुमार शाण्डिल्य)
संयोजक, संस्कृत साहित्य परिषद्,
असिस्टेण्ट प्रोफेसर एवं प्रभारी
संस्कृत विभाग, डी.वी. कॉलेज, उरई